हमारे संस्करण :- भोपाल • इंदौर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • ग्वालियर • उज्जैन • सागर • कटनी • रीवा • सतना एवं छत्तीसगढ़ रायपुर से प्रकाशित

भोपाल, शनिवार
18.01.2025
वर्ष : 13 , अंक : 263
पृष्ठ : 08, मूल्य: ₹ 2.00
www.citytoday.co.in
mynews.citytoday@gmail.com

सिटी टुडे

बदलते भारत के साथ सच की आवाज



03 | अपनी सिटी

जीजी फ्लाईओवर से गुजरेगा एमपी नगर का 60% ट्रैफिक, 30 की बजाय 5 मिनट में पूरी होगा दूरी

02



स्व-सहायता समूहों की दीदी बनेगी बीमा सखी जिले भर से आईं दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

राजनीतिक | 05



एमपी के 6 जिलों में बीजेपी जिलाध्यक्षों पर सहमति नहीं, टीकमगढ़ में केंद्रीय मंत्री खटीक अड़े, छिंदवाड़ा में नया...

6

2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत





मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा में हुए शामिल

केन्द्रीय मंत्री शाह ने म.प्र. में लागू ई-समन प्रणाली की सराहना की

भोपाल,ब्यूरो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यालय में मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री शाह ने प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ई-समन प्रणाली लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इस नई व्यवस्था के लिए केंद्रीय मंत्री शाह ने प्रदेश की सराहना की और अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दो वर्षों में पुलिस बल में फॉरेंसिक साइंस के विशेषज्ञों की भर्ती और ट्रेनिंग का काम चरणबद्ध रूप से पूरा किये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नए कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत आधुनिक संसाधनों के प्रयोग से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इसके द्वारा न्याय प्रक्रिया आसान हुई है, पुलिस का समय बच रहा है और चिकित्सकों की असुविधा कम हुई है। एक ओर जहां जेल से बंदियों को लाने-ले-जाने में पुलिस बल की असुविधा कम हो रही है, वहीं दूसरी ओर जनता को कम समय में न्याय मिल रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह को बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिमाह और मुख्य सचिव प्रत्येक 15 दिन में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महनिदेशक कैलाश मकवाना सहित राज्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सौरभ शर्मा मामले में ईडी की रेड: तीन एजेंसियों ने की थी छापे की कार्रवाई

भोपाल में नवोदय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल, ग्वालियर में पूर्व रजिस्ट्रार के यहां सर्चिंग

ग्वालियर,ब्यूरो।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने भोपाल और ग्वालियर में 8 जगह छापे मारे हैं। कार्रवाई पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरोरा के ठिकानों पर की गई है। भोपाल में इंद्रपुरी स्थित नवोदय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल के ठिकानों समेत 4 जगह जबकि ग्वालियर में मुरार स्थित सीपी कॉलोनी समेत 4 जगहों पर छापे मारे गए हैं। अरोरा आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से जुड़े बताए जा रहे हैं। ईडी की टीम सुबह करीब 5 बजे अरोरा के सभी ठिकानों पर पहुंची। फिलहाल, अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार अरोरा, विनय हासवानी के बिजनेस पार्टनर हैं। भोपाल के मेंडोरी स्थित विनय हासवानी के फार्म हाउस से ही 54 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश से लदी कार मिली थी। वह आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के मौसा, पूर्व डीएसपी मुनीश राजोरिया का दामाद है। भोपाल में डॉ. श्याम अग्रवाल के इंद्रपुरी बी सेक्टर स्थित घर पर ईडी पहुंची है। इंद्रपुरी में ही नवोदय कैंसर हॉस्पिटल और एमपी नगर स्थित उनके दूसरे अस्पताल में टीम जांच कर रही है। ईडी को जांच के दौरान भारी मात्रा में निवेश से जुड़े दस्तावेज और कैश मिलने का अनुमान है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पड़ोसियों के मुताबिक, केके अरोरा और उनकी पत्नी 25 दिन पहले ही घर से चले गए थे। वे बेंगलुरु में हैं। उनके घर में दो किरायेदार रहते हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। ईडी की टीम ने छापेमारी के वक्त किरायेदारों को घर के अंदर लॉक कर दिया था। उनके बच्चों को भी स्कूल नहीं जाने दिया गया। परिवहन विभाग (आरटीओ) में कॉन्स्टेबल रहे सौरभ शर्मा



और उसके करीबियों पर नाकों पर तैनाती कराने के लिए दलाली के आरोप हैं। सौरभ ने महज 12 साल की नौकरी में प्रदेशभर में करोड़ों का अवैध साम्राज्य खड़ा कर लिया। मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले सौरभ को पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। चंद साल की नौकरी में ही उसका रहन-सहन बदल गया था। इसकी शिकायत परिवहन विभाग सहित अन्य जांच एजेंसियों पर की जाने लगीं तो सौरभ ने वीआरएस लेने का फैसला लिया। इसके बाद भोपाल के कई नामचीन बिल्डरों के साथ प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने लगा। सौरभ के ठिकानों पर लोकायुक्त की कार्रवाई चल रही थी, इसी बीच 19 और 20 दिसंबर की रात इनकम टैक्स की टीम ने मेंडोरी के जंगल में इनोवा कार से 54 किलो सोने की सिल्लियां और 11 करोड़ रुपए नगद बरामद किए।

विनय हासवानी ही कार फार्म हाउस ले गया था

सूत्रों के मुताबिक, विनय हासवानी ही 19 दिसंबर 2024 को इनोवा कार को चार से पांच गाड़ियों के काफिले में दो बार मेंडोरी ले गया था। इसके बाद उसके लोग इस कार को लगातार वॉच कर रहे थे। जिस जगह पर गाड़ी जब्त की गई, वहां सिर्फ 3 फॉर्म हाउस हैं। उससे आगे जाने का कोई रास्ता भी नहीं है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल की टीम ने जबलपुर में सौरभ शर्मा के जीजा रोहित तिवारी के ठिकाने पर दबिश दी थी। ईडी भोपाल में सौरभ के सहयोगी शरद जायसवाल और ग्वालियर में चेतन सिंह गौर के घर-दफ्तर पर छापेमारी कर 23 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। ईडी मामले की जांच आयकर विभाग की जांच से अलग हटकर कर रही है। बता दें कि आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां 9 दिन में तीन जांच एजेंसियों- ईडी, लोकायुक्त और आयकर विभाग ने छापे की कार्रवाई की थी। इस दौरान उसके पास 93 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली। इनमें कार में मिला 54 किलो सोना और 11 करोड़ कैश भी शामिल हैं।

एमपी: 19 जनवरी से और बढ़ेगी ठंड

दतिया में दो बुजुर्गों को ब्रेन हेमरेज, मौत

भोपाल,ब्यूरो।

मध्यप्रदेश में बर्फीली हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में शुक्रवार को कोहरा छाया रहा। दिनभर सर्द हवाएं चली। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 18 जिलों में कोल्ड डे रहा। रायसेन सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 18.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बड़े शहरों में दिन का तापमान भोपाल में 19.2, इंदौर में 21.2 डिग्री, ग्वालियर में 20.3 डिग्री, उज्जैन में 20.5 डिग्री और जबलपुर में 20.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, ग्वालियर-चंबल में अगले 2 दिन कोहरा रहेगा जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बादल छाए रहेंगे। 19-20 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ेगा। इधर, प्रदेश में सर्दी की वजह से दो बुजुर्गों की मौत होना बताया जा रहा है। दतिया में गुरुवार रात ठंड लगने से दोनों मरीजों को ब्रेन हेमरेज हो गया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। आरएमओ डॉ. डीएस तोमर ने बताया कि दोनों बुजुर्ग पहले से शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज थे।



सैफ अली पर हमला- जिसे पकड़ा, वह आरोपी नहीं

मुंबई। एक्टर सैफ अली खान पर हमले के केस में जिस संदिग्ध को पूछताछ के लिए बांद्रा पुलिस स्टेशन लाया गया था, उसका केस से कोई लेना देना नहीं है। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि इस केस में अब तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। इससे पहले सुबह करीब 11 बजे न्यूज एजेंसी अठकने बताया गया था कि सैफ अली खान पर हमले के संदिग्ध को पुलिस पूछताछ के लिए लाई है। इसका नाम शाहिद बताया गया था। कहा गया था कि उस पर पहले से ही हाउस ब्रेक के 5 केस दर्ज हैं। उधर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 14 जनवरी की रात 2 बजकर 42 मिनट पर शाहरुख खान के घर के बाहर एक व्यक्ति घर की रेकी करते दिखाई दिया।

दिल्ली चुनाव, भाजपा का संकल्प पत्र जारी

घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 सब्सिडी, होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए



नई दिल्ली,एजेंसी। भाजपा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को 'विकसित दिल्ली की नींव' बताया। उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने का वादा किया। होली-दीवाली पर एक-एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे और 6 पोषण किट भी दी जाएंगी। दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी। नड्डा ने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों के मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपए पेंशन मिलेगी। दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी। उधर, अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। कहा- इसमें कानून-व्यवस्था सुधारने पर एक लाइन नहीं थी। दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

पाकिस्तान को 50 अरब रुपए का नुकसान पहुंचाने के दोषी



इमरान खान को भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल, बुशरा को 7 साल सजा

इस्लामाबाद,एजेंसी।

पाकिस्तान की एक कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई है। डॉन की खबर के मुताबिक इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा मिली है। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। दोनों ने बुशरा बीबी के अल-कादिर ट्रस्ट के लिए पाकिस्तान सरकार की अरबों रुपए की जमीन सस्ते में बेच दिया था। इस मामले में इमरान को 9 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पूरे मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे। पाकिस्तान के नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (ठअइ) ने अल-कादिर ट्रस्ट केस में दिसंबर 2023 में इमरान खान (72), बुशरा बीबी (50), और अन्य 6 व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया था। हालांकि जब इमरान के खिलाफ ये केस दर्ज हुआ, उससे पहले से ही वे तोशाखाना केस में अडियाला जेल में बंद थे। उन्हें सजा सुनाने के लिए आज जेल में अस्थाई कोर्ट बनाया गया। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस केस में 4 अहम किरदार हैं। इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी, अरबपति लैंड माफिया मलिक रियाज और बुशरा की दोस्त फराह गोगी। पाकिस्तान सरकार का आरोप है कि खान जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मलिक रियाज को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाया। ब्रिटेन में रियाज की अरबों रुपए की प्रॉपर्टी जब्त करा दी। उसका एक गुर्गा भी लंदन में गिरफ्तार करा दिया।





संत रविदास, चितरंजन दास, अशफाक उल्ला खॉ वार्ड और सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में जनकल्याण शिविर

जबलपुर,ब्यूरो। प्रदेश सरकार ने हर पात्र हितग्राही को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जनकल्याण शिविरों का आयोजन करने की पहल की है। पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे ने आयोजित शिविर में यह बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकार का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। जनकल्याण शिविर में पनागर विधानसभा क्षेत्र के संत रविदास, चितरंजन दास, अशफाक उल्ला खॉ वार्ड और सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में हजारों लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस शिविर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत पात्रता पर्ची वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, पेंशन स्वीकृति पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, संबल श्रमिक कार्ड, और पीएम स्वनिधि योजना के तहत चेक वितरित किए गए। इसके अलावा, नगर निगम के अधिकारियों और देवजी नेत्रालय के सहयोग से विशेष नेत्र जांच शिविर और सामान्य रोगों की जांच भी आयोजित की गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी लोगों तक पहुंचाया गया। इस शिविर में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। संत रविदास वार्ड शिविर में एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, पार्षद योगेन्द्र उईके, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं, चितरंजन दास वार्ड शिविर में एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, पार्षद प्रमोद पटेल और अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। अशफाक उल्ला खॉ वार्ड शिविर में वार्ड पार्षद वकील अहमद अंसारी, जनप्रतिनिधि गुलाम सरवर, और अन्य नागरिकगण शिविर में शामिल हुए। सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में आयोजित शिविर में सभी शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे, जो सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। इस आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

आटो चालक आटो साइड में खडी करतें ही आटो से बाहर लुढ़क गया मौत,

इन्दौर। कड़कड़ाती ठंड मे साइलेंट अटैक के मामले भी सामने आने लगे हैं। ऐसे ही एक मामले में आटो चालक की मौत हो गई। उसको आटो चलाने के दौरान साइलेंट अटैक आया था और उसने बमुश्किल अपनी चलती आटो को साईड में लगाई। लेकिन जैसे ही उसने अपनी आटो साईड में लगाईं वह सीट पर से बाहर लुढ़क गया। राहगीरों ने उसे तुरंत 108 से एमवाय भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में ए बी रोड पर आईपीएस कालेज के पास की है। राजेन्द्र नगर थाना पुलिस के अनुसार यह घटना आज सुबह करीब 9:30 बजे आईपीएस कॉलेज के पास हुई। जहां गणेश सोलंकी उम्र इकतालीस साल निवासी न्यू दुर्गानगर बाणगंगा अपना ऑटो रिक्शा लेकर जा रहा था जब उसे अटैक आ गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया और अस्पताल भेजा। पुलिस पूछताछ में मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जैसे हीं आटो रूका ऑटो के ड्राइवर की सीट पर बैठा युवक बाहर गिर गया।

लाखों लाख रूपए कमा रहीं हैं महिलाएँ

स्व-सहायता समूहों की दीदी बनेगी बीमा सखी जिले भर से आईं दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

सिटी टुडे, ग्वालियर।



स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं जिले की दीदियों को बीमा सखी बनाया जाएगा। इस सिलसिले में गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला, ब्लॉक स्तरीय स्टाफ के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतो से आई स्व-सहायता समूह की सक्रिय महिलाओ को बीमा सखी योजना के सबंध मे विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों ने यह प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बीमा सखी बनने की इच्छुक महिलाएँ नजदीकी एलआईसी शाखा में आवेदन कर सकती हैं। बीमा सखी को प्रथम वर्ष में 7 हजार रूपए प्रतिमाह, दूसरी साल 6 हजार रूपए प्रतिमाह एवं तृतीय वर्ष में 5 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। साथ ही कमीशन भी उन्हें मिलेगा। बीमा सखी बनने के लिये महिला की शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास एवं उम्र 18 से 70 वर्ष के मध्य होना चाहिये। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री विनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायत में एक-एक बीमा सखी का चयन कर स्थानीय महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी श्री दीपेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि ग्वालियर जिले की कई महिला अभिकर्ता अच्छी-खासी आमदनी प्राप्त कर रही हैं। कुछ महिलाओं ने बीमा एजेन्ट के तौर पर काम करते हुये एक वर्ष में 50 लाख से अधिक आय अर्जित की है। श्रीमती सीमा संजय नीखरा द्वारा 71 लाख 93 हजार, श्रीमती आस्था पवन पमनानी द्वारा 56 लाख 24 हजार एवं श्रीमती ललिता जैन द्वारा 50 लाख 64 हजार रूपए की आय बतौर कमीशन आय प्राप्त की है। इसी प्रकार लगभग 20 महिलायें बीमा एजेंट के रूप में कार्य कर 10 लाख रुपए से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रहीं हैं।

प्रभारी मंत्री सिलावट आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे

ग्वालियर। जल संसाधन विभाग के मंत्री एवं जिल के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट एक दिवसीय प्रवास पर 17 जनवरी को ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात रात्रि ग्वालियर से इंदौर के लिये रवाना होंगे। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 17 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे नगर निगम के बाल भवन सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के कार्यक्रम में फूलबाग पहुँचकर वर-वधु को आशीर्वाद देंगे। प्रभारी मंत्री सिलावट दोपहर एक बजे सिटी फोरस्ट (हरि पर्वत) का अवलोकन करेंगे।



आओ चले पुस्तकों की ओर... पुस्तक पढ़ें, जीवन गढ़ें : प्रमोद झा

इन्दौर,ब्यूरो। यूथ संस्कार के अंतर्गत चलने वाले स्टडी सर्कल प्रकल्प का द्वितीय सत्र लिबरल महाविद्यालय इन्दौर में आयोजित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर परिचर्चा का शुभारम्भ किया। स्टडी सर्कल में सामूहिक पुस्तक वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिथियों, शिक्षको एवं छात्रों द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन के ऊपर प्रकाशित पुस्तकों का वाचन किया गया। वाचन के पश्चात सभी पाठकों द्वारा पठित पुस्तक का सार अपने समझ अनुसार प्रस्तुत किये गए। स्टडी सर्कल प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मोबाइल के माध्यम से निर्मित आभासी दुनिया से बाहर निकल कर पुनः किताबों द्वारा अपनी संस्कृति की ओर मोड़ना है, जिससे छात्र न केवल एक बेहतर वक्ता बने अपितु विषय को गहराई से समझ भी सके। कार्यक्रम में यूथ संस्कार के मार्गदर्शक एवं मुख्य अतिथि प्रमोद झा, प्रशांत गुप्ता, डॉ. खुशहाल सिंह पुरोहित, विपिन राठौर, प्राचार्य डॉ. सुनील पाटीदार, प्राचार्य डॉ. संतोष चौबे एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्य अतिथि प्रमोद झा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर ने आर्थिक पक्ष की जो विवेचना की है उसी तरह कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में गहन विवेचन किया है। ऐसे कितने ही भारतीय अर्थशास्त्री है जिनका अध्ययन कर देश के आर्थिक विकास को नई दिशा दी जा सकती है।

रक्तदान शिविर में डेढ़ सौ युवाओं ने किया रक्तदान, पौधे भी वितरित किए

इन्दौर। संस्था युवा मंडल और सामाजिक सेना के करीब डेढ़ सौ सदस्यों ने मकर संक्रांति पर आयोजित एक रक्त दान शिविर में रक्त दान किया।सामाजिक सेना अध्यक्ष मिंटू बाजपेई के अनुसार सदस्यों ने दान के महत्व को समझते हुए रक्तदान का संकल्प लिया था। युवाओं के इस संकल्प को पूरा करने हेतु गोमा की फेल भांबी समाज धर्मशाला में रक्तदान शिविर के लिए एमवाय ब्लड बैंक की ओर से सभी सुविधाए उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जगप्रीत टुटेजा, विधायक महेंद्र हार्डिया, महापौर परिषद सदस्य नंदू पहाड़िया, मिंटू बाजपेयी, योगेश दीपू सहित सैकड़ों युवा मौजूद थे।

संस्था अध्यक्ष मिंटू बाजपेई ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ ही स्वच्छ पर्यावरण हेतु संस्था द्वारा करीब 200 पौधों का वितरण भी किया गया। वाजपेई ने बताया कि संस्था सदस्यों ने आने वाले दिनों में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन करने का निर्णय भी लिया, जिसमें मरीजों की जांच के साथ ही दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

संस्था और छात्रों का अतुलनीय योगदानः राकेश सिंह

महाराष्ट्र शिक्षण मंडल का गौरवशाली इतिहासः मोहोल



सिटी टुडे, जबलपुर।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने यहां कहा कि हिन्दी भाषी क्षेत्र में महाराष्ट शिक्षण मंडल द्वारा स्थापित विद्यालय ने सफलता के कीर्तिमान गढ़े, शैक्षणिक संस्था का सौ वर्ष तक सफल संचालन गौरव का विषय है। श्री मोहोल यहां एमएलबी स्कूल मैदान में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह का मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री मोहोल ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल ने पिछले 100 सालों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये हैं। हिन्दी और इंग्लिश मीडियम में लगातार महाराष्ट्र शिक्षण द्वारा संचालित स्कूल कालेज विद्या का दान कर देश के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। निश्चित ही महराष्ट्र शिक्षण मंडल इस नेक कार्य के लिये बधाई का पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा स्वतंत्रा संग्राम से लेकर वर्तमान जबलपुर के नवनिर्माण तक हर जगह इस एतिहासिक शिक्षण संस्था और यहां के छात्रों का अतुलनीय योगदान रहा है। स्वागत भाषण समिति कार्याध्यक्ष प्रशांत पोल ने दिया। इस अवसर पर शाला के पूर्व शिक्षकों एवं छात्रों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एमएलबी मैदान में आयोजित किया गया। जहां श्री मोहोल का स्वागत मंडल अध्यक्ष डॉ जयंत तनखीवाले, सचिव अनिल राजुरकर ने किया। वहीं मंत्री श्री सिंह का स्वागत प्रमोद पाठक ने किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पार्षण प्रतिभा भापकर एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश नावलेकर, अध्यक्ष शताब्दी समारोह समिति जितेन्द्र जामदार, उदय परांजपे, अविनाश हलवे, प्रमोद पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष जंयत तनखीवाले ने किया। कार्यक्रम के पूर्व मंडल द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने रैली निकाली।

राजस्व निरीक्षकों और लायसेंस निरीक्षकों को नोटिस जारी



सत्यापन कार्य में राजस्व और बाजार विभाग की लापरवाही उजागर

जबलपुर, ब्यूरो।

नगर निगम के राजस्व और बाजार विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्य के दौरान गढ़ा, त्रिपुरी, महाराणा प्रताप और सरदार वल्लभ भाई पटैल वार्डों में 6 दुकानों और एक किरायेदारी को सही तरीके से दर्ज नहीं किया गया। इस लापरवाही को लेकर निगमायुक्त प्रीति यादव ने कर संग्रहिताओं, राजस्व निरीक्षकों और लायसेंस निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नगर निगम के राजस्व में वृद्धि करने और शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत निगमायुक्त द्वारा राजस्व विभाग के साथ समीक्षा की जा रही है और वार्डवार किरायेदारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है, ताकि सभी आंकड़े सही तरीके से दर्ज हो सकें। निरीक्षण में गढ़ा वार्ड के चंदन कॉलोनी में 10 संपत्तियों में से 4 दुकानों का रिकॉर्ड सही नहीं पाया गया, जबकि प्रथम तल और लाइसेंस भी दर्ज नहीं किए गए थे। महाराणा प्रताप वार्ड में नवनिवेश कॉलोनी में 3 दुकानों में से 2 का रिकॉर्ड गायब था, वहीं त्रिपुरी वार्ड में एक फ्लैट में किरायेदार का सत्यापन किया गया, लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में एक टावर का रिकॉर्ड भी नहीं मिला। इस लापरवाही के चलते कर संग्रहिता अमित पाठक और महेंद्र अहिरवार को निलंबन हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, राजस्व निरीक्षक सौरभ बिरहा को एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया है। दुकानों में लाइसेंस की अनुपस्थिति पर लायसेंस निरीक्षक संदीप पाण्डे और सहायक लायसेंस निरीक्षक अमित जोशी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन 25 दुकानों का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट उपायुक्त राजस्व को भेजें। यह कार्यवाही नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में की गई।



पंद्रह दिवसीय फैस्ट में कल्चरल और स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

मानसरोवर डेंटल कॉलेज में सिनेफिएस्टा डे के साथ तत्व 2025 का शुभारंभ



सिटी टुडे, भोपाल।

मानसरोवर डेंटल कॉलेज में पंद्रह दिवसीय एनुअल फैस्ट तत्व 2025 का आगाज सिनेफिएस्टा डे के साथ मानसरोवर डेंटल कॉलेज प्रांगण, हिनौतिया आलम में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फ्लैश मॉब की प्रस्तुति देकर अतिथियों का ग्रैंड वेलकम किया। वहीं दूसरी ओर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की चांसलर मंजुला तिवारी, चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चांसलर कर्नल एच.आर. रूहिल, मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरूदत्त नायक और वाइस प्रिंसिपल डॉ. तृप्ति रहंगदाले ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यार्थियों ने अतिथियों का ग्रांड वेलकम करते हुए फ्लैश मॉब की शानदार प्रस्तुति दी।

जिसके बाद विद्यार्थियों ने बॉलीवुड के कई किरदार अदा करते हुए फिल्मों के सीन्स को रीक्रिएट किए और कार्यक्रम में जान डाल दी। सिनेफिएस्टा डे प्रतियोगिता में काजल पाटीदार प्रथम, संजना और मुस्कान द्वितीय, आयुषि और अमरजीत तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान नर्सिंग प्राचार्य डॉ. छाया सिंह, मानसरोवर समूह के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर सचिन जैन, चित्रा वर्मा सहित मानसरोवर के सभी संस्थानों के प्राचार्य, डीन, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

ये दिन होंगे खास

पंद्रह दिवसीय तत्व में सिनेफिएस्टा डे के बाद द ओपनिंग रश डे, लाइट्स-कैमरा-एक्शन डे, मिडवे मैडनेस डे, बड्र्स एंड बारगेन, मानसरोवर गॉट टैलेंट, किक ऑफ चैलेंज, लाफिंग आउट लाउडली डे, गोल्डन रीयूनियन, हैट्स ऑफ टू टीचर्स, द पॉवर शो, रिहर्सल, द बैटल ऑफ चैम्पियन, स्टैरी सेलिब्रेशन नाइट, लाला लैंड, बीट्स एंड ब्लिंग नाइट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

होईकोर्ट ने याचिका खारिज की, 500 करोड़ से री-डेवलपमेंट होगा

भोपाल के 5 नंबर मार्केट के प्रोजेक्ट को हरी झंडी...



सिटी टुडे, भोपाल।

राजधानी भोपाल के 5 नंबर बस स्टॉप स्थित रविशंकर शुक्ल मार्केट के री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का रास्ता साफ हो गया है। इस प्रोजेक्ट को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जानकारी के मुताबिक, याचिका पांच नंबर बस स्टॉप के पास रहने वाले 12 लोगों की तरफ से दायर की गई थी। इस याचिका में आरोप था कि एमपी हाउसिंग री-डेवलेपमेंट पॉलिसी-22 के नियमों को ताक पर रख कर यह प्रोजेक्ट निर्माण किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा है कि हाउसिंग बोर्ड इस प्रोजेक्ट को एमपी हाउसिंग री-डेवलेपमेंट पॉलिसी-22 के तहत कर रहा है। याचिका में इस पॉलिसी को कोई चुनौती नहीं दी ग है। किसी को व्यक्तिगत असुविधा हो सकती है, लेकिन इस आधार पर व्यापक सार्वजनिक हित के कार्यों को नहीं रोका जा सकता। इस आदेश के बाद 45 साल पुराने जर्जर हो चुके आरएसएस मार्केट के री-डेवलपमेंट का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम द्वारा जर्जर घोषित कर दिए गए 45 साल पुराने आरएसएस मार्केट में कुल 165 मकान हैं। इसमें से 130 घर आमजन के हैं। जिसमें में से 101 रहवासियों ने बोर्ड के साथ एग्रीमेंट कर घर खाली कर दिया है। बाकी 35 मकान हाउसिंग बोर्ड व अन्य शासकीय विभागों के हैं। जिन लोगों ने मकान खाली कर दिया है। उन लोगों को हाउसिंग बोर्ड ने किराया देना भी शुरू कर दिया है। इस प्रोजेक्ट में 65 दुकान भी है। इन्हें अस्थायी रूप से शिफ्ट करने के लिए हाउसिंग बोर्ड ने पास में ही नई दुकानें भी बना ली हैं। हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक दुकानों की शिफ्टिंग भी अगले एक हफ्ते के अंदर भी शुरू कर दी जाएगी। उसके बाद इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

जर्जर घोषित किया जा चुका

राजीव गांधी टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने आरएसएस मार्केट के भवनों का स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी टेस्ट किया था। इस रिपोर्ट में 45- 50 साल पुरानी इस इमारत को पूर्णत जीर्ण-शीर्ण बताया था। नगर निगम ने भी इस इमारत को जर्जर घोषित कर दिया। लिहाजा, इसे री-डेवलेपमेंट प्रोजेक्ट के तहत नए सिरे से विकसित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर हाउसिंग बोर्ड करीब 500 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। री-डेवलपमेंट के तहत नए प्रोजेक्ट में यहां पर 20-20 मंजिला कुल 8 टावर बनेंगे। 1 बीएचके से लेकर 5 बीएचके तक के 380 फ्लैट और 129 दुकानें बनेंगी। अभी 65 दुकानें और 165 मकान हैं। नए प्रस्ताव के मुताबिक यहां वन बीएचके के 80, 2 बीएचके के 120, 3बीएचके के 40, 4 बीएचके के 120, 5 बीएचके के 20 फ्लैट और 129 नई दुकानें बनेंगी। इस तरह नए खरीदारों के लिए 215 फ्लैट और 64 नई दुकानें उपलब्ध होंगी।



रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के दो एनसीसी कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड में लेंगे हिस्सा

सिटी टुडे,भोपाल।

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के एनसीसी नेवल विंग के दो एनसीसी कैडेट्स हीरालाल कुमार (डिप्लोमा मैकेनिकल)और नीलेश साहू (बीई , एईएमएल) दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित हुए है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के 1.5 लाख में से चयनित 136 कैडेट्स में शामिल दोनों ही कैडेट्स पिछले पांच महीनों से लगातार कड़े प्रशिक्षण और चयन प्रक्रिया से गुजरे। 136 कैडेट्स के दल में नेवल विंग के मात्र 15 कैडेट्स का ही चयन किया जाता है, विश्वविद्यालय के दोनों कैडेट्स चुनिंदा 15 कैडेट्स में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल ने बताया कि विश्वविद्यालय से एक साथ दो कैडेट्स का चयन बहुत बड़ी उपलब्धि है साथ ही उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक कैडेट के व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव के साथ साथ देश प्रेम की अखंड भावना विकसित होती है। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर कैडेट हीरालाल देश के सम्मानित गणमान्यों तथा इस गणतंत्र दिवस पर आमंत्रित इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे, वहीं पीओ कैडेट नीलेश साहू पीएम रैली की परेड में शामिल होंगे। कैंप के दौरान कैडेट्स को देश के सम्मानित गणमान्यों जैसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, दिल्ली के मुख्यमंत्री, रक्षा राज मंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ तीनों सेनाओं के अध्यक्षों से मिलने का अवसर भी मिल रहा है।



गौहर महल में हेरिटेज फेस्टिवल सीजन 5 शुरू हुआ

150 साल पुराना परी बजारा लगाया गया, लोक नृत्य और सूफी संगीत के कार्यक्रम हुए

भोपाल। भोपाल के गौहर महल में गुरुवार को बेगम ऑफ भोपाल क्लब का हेरिटेज फेस्टिवल सीजन 5 शुरू हो चुका है। फेस्टिवल में भोपाली संस्कृति को दिखाने वाला परी बाजार लगाया गया है। इसके साथ ही नृत्य, संगीत और टॉक शो जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। फेस्टिवल के पहले दिन जनजातीय नृत्य, टॉक शो, किस्से अनकहे और शाम-ए-कलाम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि यह फेस्टिवल मातृ शक्ति को दिखाने वाला है। परी बाजार लगभग 150 साल पुरानी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे नवीनीकरण के बाद फिर से पेश किया गया है। यह फेस्टिवल 19 जनवरी तक जारी रहेगा। फेस्टिवल के पहले दिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परी बाजार का भ्रमण किया। साथ ही सूफी संगीत कार्यक्रम शाम-ए-कलाम का लुत्फ उठाया। अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य की पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत बताने और कुछ सिखाने वाले है। इनके समय - समय पर आयोजन से मन आनंद से भर जाता है।

121 करोड़ रुपए का पौने 3 किमी लंबा ब्रिज तैयार

जीजी फ्लाईओवर से गुजरेगा एमपी नगर का 60% ट्रैफिक, 30 की बजाय 5 मिनट में पूरी होगा दूरी



सिटी टुडे, भोपाल। भोपाल के सबसे लंबे जीजी (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) फ्लाई ओवर का काम पूरा हो गया है। पौने 3 किमी लंबा यह ब्रिज 121 करोड़ रुपए की लागत से बना है। 15 दिन में थर्ड आर्म यानी, तीसरी भुजा और सर्विस लेन भी पूरी हो गई है। इस ब्रिज का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी कर सकते हैं। हालांकि, केंद्रीय मंत्री गड़करी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तारीख अभी तय नहीं हो पाई है। इससे पहले ब्रिज की ओपनिंग 3 जनवरी को होने की उम्मीद थी, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से कार्यक्रम टाल दिया गया था। यह भोपाल का सबसे लंबा ब्रिज है। इसकी लंबाई 2734 मीटर यानी, करीब पौने 3 किमी है। इसका काम दिसंबर 2020 में शुरू हुआ था। जिसे 2 साल में बन जाना था। लेकिन इसे बनने में 4 साल लगे। पहले 26 दिसंबर को ब्रिज की ओपनिंग करने की बात सामने आई थी, लेकिन थर्ड आर्म नहीं बनने की वजह से ट्रैफिक शुरू नहीं हो सका था। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह गुजरात दौरे पर चले गए थे। 3 जनवरी को भी उद्घाटन की तारीख तय की जा रही थी। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन के चलते उद्घाटन कार्यक्रम टाल दिया गया।

लोड, लाइटिंग टेस्ट पूरे

पीडब्ल्यूडी के अफसरों के मुताबिक, गणेश मंदिर से वल्लभ भवन चौराहा की ओर आने वाली पहली और दूसरी आर्म का काम पूरा हो चुका है। इस रूट पर लोड टेस्ट भी हो चुका है। फिर भी ट्रैफिक का संचालन शुरू होने पर लोगों को कोई परेशानी न आए, इसलिए यहां कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। मैनिट के एक्सपर्ट्स से मिली सलाह के बाद पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने ये बदलाव किए हैं। 15 मीटर चौड़े इस फ्लाईओवर से एमपी नगर आने वाला 60% ट्रैफिक गुजर जाएगा। जिससे केवल 5 मिनट में पौने तीन किमी की दूरी तय हो सकेगी। ट्रैफिक एक्सपर्ट की माने तो पिक अवर्स यानी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5 से रात 8 बजे के बीच एमपी नगर रोड का पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) 10 हजार तक है।

भोपाल में पुलिस कस्टडी से भागा चोर गिरफ्तार, कब्रिस्तान में छिपा था, मुखबिर की सूचना पर पकड़ाया

भोपाल। 9 जनवरी को कोहेफिजा पुलिस की हिरासत से भागे शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मेडिकल के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंची थी। इसी दौरान वह हथकड़ी खिसकाकर मौके से भाग निकला था। एसआई संजीव धाकड़ ने बताया कि, कोहेफिजा इलाके में 400 ग्राम चांदी चोरी के एक आपराधिक प्रकरण में पुलिस ने विदिशा के शातिर चोर जयंत लोधी को पकड़ा था। गिरफ्तारी के बाद उसे मेडिकल कराने के लिए 9 जनवरी को जेपी अस्पताल ले जाया गया था। यहां पर उसने पुलिसकर्मियों को चकमा देकर हथकड़ी खिसकाकर फरार हो गया था। हिरासत से फरार होने का मामला हबीबगंज थाने में दर्ज किया गया था। इधर कोहेफिजा पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि ईसाई कब्रिस्तान के पास एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा हुआ है। उसके पास कारतूस व कट्टा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस मिले। वह एक बाइक लेकर खड़ा था, यह बाइक भी चोरी की थी। जो रानी कमलापति स्टेशन के पास से चुराई गई थी। छताछ करने पर उसने अपना नाम जयंत लोधी बताया।



कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल

OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA, BHOPAL-PIN 46001 (M.P.)

क्रमांक / था./ कोहे./भो./ मर्ग –डी- 01/25 दिनांक 15.01.2025

जाहिर सूचना



सर्व साधरण को सूचित किया जाता है सूचक सीएमओ डा. एस के अहिरवार तर्फे नरेश मालवीय हमीदिया अस्पताल भोपाल ने जरिये टेलिफोन सूचना दिया कि मृतिका अज्ञात महिला उम्र करीबन 65 साल नि. अज्ञात को बार्ड वाय राजेश 9323844392, शौसल वर्कर अनुराध इलाज़ हेतु दिनांक 02.01.2025 के सुबह 11/30 बजे लेकर आये डाक्टर साहब ने 12/15 बजे चैक करने पर मृत घोषित कर दिया शव को मरूचुरी रूम रखवाया गया है सूचना पर मर्ग क्र. 01/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. का कायम कर जांच में लिया गया। कायमी की सूचना श्रीमान SDM महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारीयो को भेजी गई है।

उक्त मृतिका अज्ञात महिला उम्र करीबन 65 साल नि. अज्ञात के सबंध में कोई जानकारी मिलती है तो थाना कोहेफिजा के मोवाईल क्रमांक 9479990687 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल


जी-21765-24



संपादकीय

महाकुंभ में भारत की विराट संस्कृति के दर्शन...

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से निकल कर आ रहे महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़, पचहत्तर लाख, तो 14 जनवरी को लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। आप कल्पना कीजिए की 12 फरवरी तक कितने जनसमूह वहां पहुंचेंगे। मोटा-मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे। भगवा की बहुतायत, परंतु प्रकृति में उपस्थिति हर रंगों की लहराती ध्वजाएं, पताकाएं और अपने विशिष्ट वेशभूषा में साधु-संत समेत देशी-विदेशी जनों ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है, जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलती हवन कुंड की अग्नि। भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों और हेलीकॉप्टरों द्वारा की जा रही पुष्प वर्षा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों पर दिख रहे भाव अद्भुत। नरेंद्र मोदी सरकार और योगी आदित्यनाथ सरकार ने लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हर संभव व्यवस्था करने की कोशिश की है। इसलिए पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके उसे 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाये गये, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई, जो 12 किलोमीटर लंबाई में फैली हुई है। इसी तरह 102 पार्किंग बनाये गये हैं जिनमें साढ़े पांच लाख गाड़ियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों के लिए रेलवे, हवाई जहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि विस्तारित की गयी हैं। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन आज से नहीं, शताब्दियों से है। जरा सोचिए, हमारे महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण विश्व और ब्रह्मांड, मानव, जीव-जंतु सबके कल्याण का भाव पैदा करने के लिए दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों से जुड़े जनसमूह, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद न कोई दूरी। इस तरह से देखा जाए, तो महाकुंभ पर्व संपूर्ण विश्व के जन-जन को एक करने, यानी मातृभूमि पुत्रो अहम पृथिव्या की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार करने का पर्व है। प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है और यह निर्वाण की भूमि मानी गयी है। पुरुषार्थ चातुष्ट्य- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, चारों का विपुल भंडार। माना गया है कि यहां आने से सब पाप धुल जाते हैं और त्रिवेणी के तट से अंतर्मन के सारे विकार, क्लेश, दोष मिट जाते हैं। मूल बात है संगम और कुंभ के भाव को समाहित करने का। वह यहां साकार दिखता है।



अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है।

मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

लेखक –ललित गर्ग

नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है ।

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है। यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था। मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे ह्लगलत जानकारीह्न करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, ह्लमार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं ह्न भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने। माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है।

युग प्रवर्तक दादा लेखराज का ब्रह्माबाबा बनने तक का अनूठा सफर!

लेखक- डा श्रीगोपालनारसन एडवोकेट

दादा लेखराज जिन्हे अब ब्रहमाबाबा के नाम से जानते है,ने विकारो से धिरी इस दुनिया को सत्कर्मो के द्वारा संवारने की शुरूआत अपनी जन्मभूमि हैदराबाद सिंध जो अब पाकिस्तान में है, से सन 1936 से की थी। मिशन चलाने के लिए उन्होंने ओम मण्डली नाम से एक ट्रस्ट बनाकर उसमे अपनी समस्त सम्पत्ति निहित कर दी थी। इस ट्रस्ट में केवल नारी शक्ति के नेतृत्व को ही स्वीकारा गया।तभी तो यह संस्था आज दुनिया के 140 देशों तक नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की क्रांतिदूत बन गई है। 5 मई 1950 को पाकिस्तान से भारत के आबू पर्वत पर स्थानान्तरित हुई यह संस्था अब प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रूप में भारत भूमि से संसार को शान्ति का पैगाम देने का काम कर रहा है। ब्रहमाबाबा द्वारा स्थापित प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउण्ट आबू एक जीवन्त सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों की प्रयोगशाला कही जा सकती है जिसके माध्यम सें विश्व के नवनिर्माण का कार्य बड़ी तेजी के साथ हो रहा है।आज भी मधुरता व वैराग्य के इस अनूठे संगम स्थल पर आकर देश विदेश के आध्यात्मिक जिज्ञासु सहज ही आकर्षित हो जाते है। ब्रहमाकुमारीज संस्था की सोच है कि महान आत्मा बनने के लिए आत्मिक शक्तियों को पहचानने की आवश्यकता है, चूंकि जितना आत्मिक स्थिती का अभ्यास होगा उतनी ही बुद्धि स्थिर और शुद्ध होगी। आत्मिक व आणविक शक्तियों के समन्वय से एक सुखमय व शान्तिमय दुनिया की स्थापना ही ईश्वरीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य बताया गया है। तभी तो आत्मा की शक्ति को पहचानने और उसके आत्मा शान्त स्वरूप को समझने की सीख यहां बार-बार दी जाती है। यहां आध्यात्मिक व्याख्यान में बताया जाता है कि अब्राहम, पैगम्बर, क्राइस्ट, बुद्ध, महावीर स्वामी और शंकराचार्य धर्मात्माएं तो है किन्तु परमात्मा नहीं। क्योंकि परमात्मा वही है जो अजन्मा हो, निराकार हो, ज्योति स्वरूप हो। मुस्लिम धर्म में भी अल्लाह को नूर कहा गया है। तभी तो अल्लाह को नूर ए इलाही भी कहते है। जो हिन्दूओं के लिए दिव्य ज्योतिबिंदु है। इसी तरह क्राइस्टो के लिए लाइट ऑफ गॉड है। जो एक प्रकाश पुंज की तरह है। हजरत मूसा ने भी परमात्मा को ज्योति स्वरूप स्वीकारा है। तो गुरूनानक ने भी परमात्मा को एक ओंकार निराकार माना है। यानि धर्म कोई भी हो सबका मानना यही हैं कि ईश्वर, अल्लाह, गौड, वाहे गुरू सतनाम, रूप ज्योति बिन्दु है जो गुणों का सिन्धु है जो सत्यम शिवम सुन्दरम् है और जो पतित से हमें पावन बनाता है उसी परमात्मा से आत्मबोध कराने के लिए राजयोग का श्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। ह्यपरमात्माह्न शब्द की व्याख्या करते हुए बताया गया कि जो सर्वमान्य हो, जन्म मरण से परे हो, जिनके माता- पिता-गुरू न हो, जो स्थिति, गुण, कर्तव्य में सदा परम हो और सर्वज्ञाता व सर्वदाता हो।

दादा लेखराज यानि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा शिव परमात्मा के साकार माध्यम ब्रह्मा द्वारा उच्चारे हुए महावाक्यों के आधार पर जिनका आलौकिक और आध्यात्मिक पुनर्जन्म हुआ वे ही ब्रह्मा कुमारी और ब्रह्माकुमार कहलाये और उनके द्वारा स्थापित आध्यात्म आधारित शैक्षणिक संस्था को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नाम दिया गया। सन 1936 में शुरू हुई इस संस्था ने 1937 में आध्यात्मिक ज्ञान, मूल्य आधारित शिक्षा व सहज राजयोग की शिक्षा देने की दुनियाभर में शुरूआत की। इस संस्था की पहली मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जगदम्बा सरस्वती थी। उनके बाद दादी प्रकाशमणि मुख्य प्रशासिका रही और अब दादी जानकी के 104वर्षीय कन्धों पर इस विशाल संस्था की मुख्य प्रशासिका की जिम्मेदारी का भार टिका हुआ है। ब्रह्माबाबा के समय ब्रह्माकुमारी और ब्रह्माकुमार की संख्या सैकड़ों में हुआ करती थी परन्तु आज यह संख्या लाखों में है। दुनिया के 140देशों में अपनी साढ़े आठ हजार से भी अधिक शाखाओं में करीब 15 लाख विद्यार्थी प्रतिदिन आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों की शिक्षा ग्रहण कर राजयोग का अभ्यास करते है। इस संस्था की सोच है कि परमात्मा एक है, वह निराकार एवं अनादि है। जो विश्व की सर्वशक्तिमान सत्ता है और ज्ञान का सागर है। परमात्मा विश्व की सर्व आत्माओं का निराकार माता-पिता है। परमात्मा के साथ सम्बन्ध की स्मृति और परमात्मा के प्रति प्रेम को राजयोग कहा जाता है। संस्था का सन्देश है कि राजयोग का अभ्यास साधक को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान कर संस्कारवान बनाता है तथा उसका चारित्रारिक उत्थान होता है जिससे साधक को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान कर संस्कारवान बनाता है तथा उसका चारित्रिक उत्थान होता है जिससे साधक को आध्यात्मिक व शारीरिक लाभ मिलता है जैसे मानसिकतनाव से मुक्ति-नकारात्मक संकल्पों की समाप्ति और शिव बाबा में समर्पण की शक्ति प्राप्त होती है। यह संस्था साधक को सहनशीलता, धैर्य, नम्रता, मधुरता व संतुष्टि का पाठ पढ़ाती है और पुरूषार्थ की शिक्षा देती है। ईश्वरीय विश्वविद्यालय की इस शिक्षा को वैश्विक स्वीकृति तो मिली है साथ ही संस्था की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई। तभी तो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को संयुक्त राष्ट्र संघ ने एनजीओ के रूप में मान्यता देते हुए यूनीसेफ एवं आर्थिक व सामाजिक परिषद का परामर्शदाता सदस्य बनाया हुआ है। साथ ही संस्था को अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति पदक पुरस्कार समेत विभिन्न देशों के पांच राष्ट्रीय स्तर के शांति दूत पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। जो इस बात का प्रमाण है कि संस्था का ह्यह्यओउम शान्ति मन्त्र दुनिया भर को शान्ति का संदेश देने में सफल हो रहा है बेहतर विश्व के लिए अकादमी नाम से उच्च शिक्षा प्राप्ति का यह आधुनिक संस्थान है। मूल्य-निष्ट शिक्षा के लिए यहां 20 प्रभाग बनाये गए है। जिनमें शिक्षा, समाजसेवा, व्यवसाय एवं उद्योग, कला एवं संस्कृति, खेल, ग्राम्य विकास, जनसंचार माध्यम, कानून, चिकित्सा, यातायात, सुरक्षा, धार्मिक, वैज्ञानिक एवं अभियन्ता, महिला, राजनीतिज्ञ, युवा विकास व प्रशासक सेवा प्रभाग शामिल है। जीवनकला, वैश्विक दृष्टिकोण, समकालीन नैतिक और सांस्कृतिक अभि संरचना के प्रगतिशील तत्वों पर आधारित अकादमी के पाठ्यक्रम बनाये गए है। जिसके माध्यम से समाज में हो रही गिरावट को रोकने की कौशिश की जा रही है। अकादमी का लक्ष्य है कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से एक सत्य एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सके और मनुष्य में भौतिक, आध्यात्मिक एवं भावात्मक पक्षों का सुन्दर समन्वय हो। इस अकादमी में सकारात्मक चिन्तन, तनावमुक्ति, आत्म उत्थान, आध्यात्मिकता का अनुप्रयोग, स्वप्रबन्धन व नेतृत्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 3 से 30 दिन तक की समय सीमा में पूरे कराये जाते है। ज्ञान सरोवर का आध्यात्मिक संग्रहालय देखने लायक है इस संग्रहालय को देखते हुए चारों तरफ बहते पानी के बीच शीशे की दीवारों से होकर जाना सुखद लगा। ज्ञान सरोवर का मुख्य द्वार, तालाब के बीच लगा फव्वारा, बागवानी और हरियाली से सुसज्जित एक दीवार सबका मन मोह लेती है। ज्ञान सरोवर में 1800 व्यक्तियों के बैठने लायक यूनिवर्सल हारमनी हॉल पूरी तरह से वातानुकूलित है। इस हॉल में किसी भी कार्यक्रम की 16 भाषाओ में अनुवादित किये जाने की व्यवस्था है यहां प्रशिक्षण केन्द्र में 13 परिसंवाद कक्ष बने हुए है। इस परिसर में दो राजयोग सभागार क्रमशः 300 व 500 व्यक्तियो के बैठने के लिए बने है। ज्ञान सरोवर की आर्ट गैलरी राजकृषि भवन, हारमनी, हाऊस, विष्णुपुरी, पुस्तकालय, अनुसंधान प्रयोगशाला, प्रशासनिक कार्यालय और दो हजार व्यक्तियों की क्षमता का भोजनालय दर्शनीय है।शिव शक्यिों के केन्द्र माउण्ट आबू को शिव बाबा का घर भी कहा जाता है। बडी संख्या में दुनियाभर से लोग यहां आकर अध्यात्मिक शान्ति की अनुभूति करते है और राजयोग का अभ्यास कर ईश्वरीय सेवा में जुट जाते है।

क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है। आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी। इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस का भी सुपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी। पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखे तो दिल्ली में करीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे होते हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थन नहीं है। वह हवा का रूख देख कर मतदान करते हैं। आप को स्विंग वाटरों की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है।

काकुरो पहेली



एमपी के 6 जिलों में बीजेपी जिलाध्यक्षों पर सहमति नहीं

टीकमगढ़ में केंद्रीय मंत्री खटीक अड़े, छिंदवाड़ा में नया चेहरा चाहते हैं सांसद

भोपाल,ब्यूरो।

बीजेपी नेतृत्व ने मध्यप्रदेश में अब तक 56 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। सागर और धार में दो-दो जिलाध्यक्ष बनाए जाने से बीजेपी के एमपी में 62 संगठनात्मक जिले हो गए हैं। इनमें से 6 जिलों- इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण, नरसिंहपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा में जिलाध्यक्षों की घोषणा होना बाकी है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के हस्तक्षेप की वजह से उनके संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ और निवाड़ी में अब तक जिलाध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पाई है। बाकी बचे 4 जिलों में जिलाध्यक्षों को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। इंदौर ग्रामीण में चिंटू वर्मा के रिपीट होने, नरसिंहपुर में महिला को जिले की कमान मिलने की संभावना है। वहीं, इंदौर ग्रामीण में जिलाध्यक्ष घोषित न होने की वजह से शहर की भी घोषणा अटकी है। इधर, छिंदवाड़ा में सांसद विवेक बंटी साहू नया चेहरा चाहते हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के संसदीय क्षेत्र में आने वाले टीकमगढ़ और निवाड़ी में जिलाध्यक्ष घोषित नहीं हो पाए हैं। खटीक टीकमगढ़ में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी को जिलाध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। संगठन की ओर से टीकमगढ़ में अश्विनी चढ़ार या सरोज राजपूत में से किसी एक को अध्यक्ष बनाया जा सकता है। निवाड़ी में पूर्व मंत्री सुनील नायक के चचेरे भाई गणेशी लाल नायक का नाम लगभग तय हो चुका है। खटीक की जिद पर यदि टीकमगढ़ में ब्राह्मण वर्ग के विवेक चतुर्वेदी अध्यक्ष बने तो निवाड़ी में गणेशी लाल नायक की जगह जिला महामंत्री रोहिन राय या आकाश अग्रवाल को मौका मिल सकता है। नरसिंहपुर में पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह अपने-अपने करीबियों को जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए ताकत लगा रहे हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो नरसिंहपुर में किसी महिला नेता को मौका दिया जा सकता है। शिरोमणि चौधरी और बीना ओसवाल में से किसी एक को जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है। इंदौर ग्रामीण में वर्तमान जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा के रिपीट होने की संभावना है। हालांकि, टीनू जैन भी रेस में बराबरी से दौड़ रहे हैं। इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, विधायक मनोज पटेल से लेकर ऊषा ठाकुर तक अपने-अपने करीबियों के नाम बढ़ा चुके हैं। ग्रामीण के लिए सहमति न बन पाने के चलते अब तक शहर में जिलाध्यक्ष भी घोषित नहीं हो पाया है।



विवेक चतुर्वेदी, टीकमगढ़



गणेशी नायक, निवाड़ी

छिंदवाड़ा में सांसद चाहते हैं नया जिलाध्यक्ष

छिंदवाड़ा में विवेक बंटी साहू के सांसद बनने के बाद शेषराव यादव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाए गए थे। इस बार उनके रिपीट होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। सांसद साहू छिंदवाड़ा में नया अध्यक्ष चाहते हैं।

पांढुर्णा में वैशाली को हटाने से नाराजगी

बीजेपी ने पिछले साल 12 जनवरी को पांढुर्णा में वैशाली महाले को जिलाध्यक्ष बनाया था। वे प्रदेश में पहली महिला थीं, जिन्हें जिले की कमान मिली। लेकिन सांसद विवेक बंटी साहू से उनकी पटरी नहीं बैठी और सालभर में ही उनकी जगह नए अध्यक्ष को कमान दे दी गई। बीजेपी के संगठन चुनाव में पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ के भतीजे संदीप मोहोड़ को पांढुर्णा का अध्यक्ष बनाया गया है। इस फैसले से वैशाली खासी नाराज बताई जा रही हैं।

56 जिलों में 11% महिलाओं को बनाया जिलाध्यक्ष

बीजेपी ने अब तक जिन 56 जिलाध्यक्षों का ऐलान किया है, उनमें मात्र 11 फीसदी यानि 6 महिलाएं हैं। संसद में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का बिल पास हुआ है। बाकी बचे 6 जिलों में से किसी एक जिले में महिला नेता को अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

30 प्रतिशत जिलों में पुराने चेहरे रिपीट

बीजेपी में अब तक घोषित 56 जिलाध्यक्षों में से 30 प्रतिशत जिलों में पुराने चेहरे दोहराए गए हैं यानी वर्तमान जिलाध्यक्ष को एक बार फिर मौका दिया गया है। 17 जिलों के अध्यक्षों के कार्यकाल को दो साल से भी कम समय हुआ था। ऐसे में पार्टी ने चुनावी औपचारिकता पूरी करने के बाद इन्हें रिपीट किया है।



8वें वेतनमान को लेकर सीटू की केंद्र से मांग, पब्लिक सेक्टर के बैंक और कारखानों में भी मानी जाएं आयोग की अनुशंसाएं

भोपाल,ब्यूरो। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने 8वें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी का स्वागत किया है। साथ ही पब्लिक सेक्टर के बैंक और कारखानों में कार्य करने वाले 16 लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को भी इसमें शामिल करने की मांग की है। सीटू भेल के महासचिव दीपक गुप्ता ने कहा कि केंद्र के 48 लाख 67 हजार कर्मचारियों के वेतन एवं 67 लाख 95 हजार पेंशनरों की पेंशन में वृद्धि के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार इतने बढ़े समूह को महंगाई से राहत देने के लिए वेतनवृद्धि का लाभ देने जा रही है, तो पब्लिक सेक्टर के बैंक और कारखानों के सिर्फ 16 लाख कर्मचारियों को क्यों छोड़ा जा रहा है। ऐसा कर केंद्र सरकार नया कीर्तिमान गढ़ सकती है। वे कहते हैं कि महंगाई का असर सिर्फ सरकारी कर्मचारियों पर नहीं पड़ता है। निजी और पब्लिक सेक्टर की कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों पर भी पड़ता है। फिर उनकी सुध क्यों नहीं ली जाती है। गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से अपनी बात प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री तक पहुंचाई है। उनका कहना है कि नया वेतनमान आने के बाद बढ़ने वाली महंगाई पब्लिक सेक्टर और निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों को तोड़कर रख देगी। इसलिए सरकार को वृहद स्तर की सोच रखते हुए इस सेक्टर को भी 8वें वेतन आयोग के दायरे में लाना चाहिए।

लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा

सागर में 10 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार, जमीन का सीमांकन करने मांगे थे 30 हजार रुपए



सागर,ब्यूरो।

सागर की बंडा तहसील के सेसई साजी के पटवारी को लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। पटवारी जमीन का सीमांकन करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। मामले में पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। रमपुरा निवासी फरियादी भगवानसिंह लोधी ने 15 जनवरी को लोकायुक्त एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी पैतृक जमीन का बंटवारा हुआ था। जमीन अलग-अलग होने के बाद बेनामा के आधार पर सीमांकन कराना था। इसके लिए पटवारी मुन्नालाल अहिरवार के पास गया। पटवारी ने सीमांकन करने के लिए 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। इसके बाद रिश्वत की राशि में से 5 हजार रुपए वह पहले ले चुका था। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की।जिसके बाद शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम कार्रवाई के लिए बंडा रवाना हुई।

निजी कार्यालय में दबिश देकर पटवारी को पकड़ा

बंडा पहुंचकर टीम ने फरियादी भगवानसिंह को रिश्वत की राशि लेकर पटवारी के पास भेजा। पटवारी ने भगवान सिंह को बंडा के बरा तिराहे के पास स्थित अपने निजी कार्यालय पर बुलाया। जहां पहुंचकर फरियादी ने रिश्वत के 10 हजार रुपए पटवारी को दिए। तभी इशारा मिलते ही लोकायुक्त की टीम ने दबिश दी और पटवारी मुन्नालाल को रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।

लोकायुक्त निरीक्षण अभिषेक वर्मा ने बताया-

सीमांकन के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी मुन्नालाल अहिरवार को पकड़ा है। उनके खिलाफ भष्ट्राचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

वन्यजीव प्रबंधन में सुधार लाने फॉरेस्ट अफसरों का मंथन, सीसीएफ, डीएफओ, टाइगर रिजर्व संचालक बताएंगे कैसे बदलना है प्रोटोकॉल

भोपाल,ब्यूरो।

प्रदेश के वानिकी पर मंथन के बाद वन विभाग अब वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्रों में सुधार लाने और वन प्रबंधन को जनोन्मुखी बनाने पर मंथन कर रहा है। इसके लिए फील्ड के अधिकारियों से सुझाव लिए जा रहे हैं और इन सुझावों के आधार पर भविष्य में नए प्रोटोकॉल तैयार किए जाएंगे। इन प्रोटोकॉल का उद्देश्य वन्यजीवों के लिए बेहतर रहवास सुनिश्चित करना और उन्हें किसी भी तरह के खतरे से बचाते हुए लोगों की जीवन-चर्या से जोड़ना है। वन और वन्यजीव प्रबंधन के क्षेत्रों में सुधार के लिए वन अधिकारियों की टीम आज से दो दिवसीय मंथन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम में वन प्रबंधन को जनोन्मुखी बनाने के लिए नए प्रोटोकॉल पर चर्चा हो रही है। शुक्रवार और शनिवार को चलने वाले इस मंथन कार्यक्रम का आयोजन अपेक्स बैंक सभागार में किया जा रहा है। इसमें सभी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ), मंडल वन अधिकारी (डीएफओ), और टाइगर रिजर्व के संचालकों को बुलाया गया है। यह उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह वानिकी सम्मेलन और आईएफएस सर्विस मीट के दौरान प्रदेश के सभी जूनियर और सीनियर अधिकारियों ने वानिकी व्यवस्था में सुधार के लिए मंथन किया था।



एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया सदस्य रघुवंशी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

भोपाल,ब्यूरो।

भोपाल सदस्य, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया एवं अध्यक्ष, पशुवध गृह समिति एवं मत्स्य पशुपालन व डेयरी विभाग भारत सरकार राम रघुवंशी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, आईपीएस प्रमोद कुमार सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि भोपाल जिले में कुल 21 शासकीय गौशालाएं एवं 20 अशासकीय या एनजीओ द्वारा संचालित गौशालाओं का सुचारू से संचालन किया जा रहा है जिसमें लगभग 5 हजार से अधिक गौवंश हैं। बैठक में सदस्य राम रधुवंशी ने कहा कि भोपाल की सभी गौशालाओं को सामाजिक संस्थाओं से जोड़कर देश में एक मॉडल स्थापित किया जा सकता है। गौ-सेवा भगवान की परम स्तुति है इसके माध्यम से समाज के प्रतिष्ठित एवं गो-प्रेमी, गो-सेवक गो-सेवा अपना अमूल्य योगदान दे सकते है एवं गोवंश की बेहतर देख-रेख हो सकती है। गौशाला के संचालन के लिए तीन महत्वपूर्ण घटकों पर काम किया जाता है जिसमें पानी, भूसा की उपलब्धता एवं मानव प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था से गौशाला का संचालन बेहतरीन ढंग से किया जा सकता है। गौशालाओं में पानी की उपलब्धता के लिए सभी गौशालाओं को जल जीवन मिशन से जोड़ा जाए। मानव प्रबंधन के लिए गोसेवक, गोप्रेमी अपना योगदान दे सकते है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चरनोई भूमि पर खेती करने वाले किसान फसल का स्वयं उपयोग करें और संपूर्ण भूसा गौशालाओं को दान दें। सभी गौशालाओं में मृत गायों के शास्त्रानुसार दाह संस्कार के लिए गौ समाधि स्थल बनाए यह मॉडल देश का सबसे बेहरतीन मॉडल होगा जिसमें मृत गायों को सम्मानपूर्वक दफनाया जाएगा।
भोपाल जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के गौवंश एवं गौशालाओं के गौवंश की अलग-अलग चिन्हांकन के लिए पशु गणना के समय कलर कोडिंग का उपयोग किया जाए जिससे गौशालाओं की गायों के सिंग अलग रंग से एवं गौपालकों की गायों के सिंग अलग रंग से रंगे जाए। गाय की सेवा निर्मल मन से की जाती है, गौशाला का संचालन तपस्या हैं शास्त्र में गाय को माँ स्वरूप दिया गया है इसलिए सभी गौपालकों से अनुरोध है कि अपनी वृद्ध गायों को बेसहारा रोड़ पर मत छोड़ों, वृद्ध माता-पिता के समान उनकी भी सेवा करें। बैठक में पुलिस आयुक्त भोपाल शहर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल, आयुक्त नगर पालिक निगम, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, वनमण्डलाअधिकारी वन मण्डल, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहायक श्रमायुक्त, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अशासकीय गौशालाओं के संचालक, पशु प्रेमी, एनजीओ के अधिकारी उपस्थित थे।



अरिहंत वेयर हाउस में 20000 की रिश्वत का ऑडियो वायरल, जबलपुर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

जबलपुर,ब्यूरो। जबलपुर में धान खरीदी में बड़ा घोटाला सामने आया है। अरिहंत वेयरहाउस के एक कर्मचारी और सर्वेयर के बीच रिश्वत के लेनदेन का ऑडियो वायरल होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में वेयरहाउस कर्मचारी और सर्वेयर के बीच नॉन एफएक्यू धान की खरीदी के लिए 20 हजार रुपए की डील के बारे में बातचीत सामने आई है। मामले में वेयरहाउस का कर्मचारी सर्वेयर से 10 हजार रुपए में समझौता करने की कोशिश करता सुनाई दे रहा है। लेकिन सर्वेयर 20 हजार रुपए पर अड़ा है। यह घटना उस समय की है, जब पहले से ही धान खरीदी केंद्रों में औसत से अधिक धान की खरीदी का मामला जांच के दायरे में है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर खाद्य विभाग के दो अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। सहायक जिला आपूर्ति नियंत्रक संजय खरे के अनुसार, टीम वायरल ऑडियो में उल्लेखित हर्षित और शुभम नामक व्यक्तियों की पहचान और मामले की गहन जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक ऑडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है, और यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह ऑडियो कब और कहां का है।



भोपाल में कठपुतली निर्माण कार्यशाला आयोजित

वर्तमान भारत में मंदिरों की लोकप्रियता बढ़ी, इससे भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण निश्चित : मनोज श्रीवास्तव

भोपाल,ब्यूरो।

वर्तमान भारत में मंदिरों के प्रति लोकप्रियता बढ़ी है। इससे भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण निश्चित ही होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। यह बात राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कही। वे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में कठपुतली निर्माण कार्यशाला के तहत ₹सम्प्रति भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण₹ विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। स्वामी विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक पर चर्चा और श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों को उद्धृत करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में भारतीय सांस्कृतिक शक्ति के विभिन्न उदाहरण दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे पाश्चात्य अनुवादकों ने गलत अनुवाद किए हैं। सनातन संस्कृति एवं देवी-देवताओं को गलत तरीके से अनूदित किया है। ज्ञान हमारा सामुदायिक, सामाजिक परंपरा रहा है। ज्ञान का लोक तक संचरण होता था। 13 अगस्त 2014 को डॉ. वीके गुप्ता ने TKDL (पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी) की स्थापना की। भारत अपनी बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूक हुआ। इसके बाद भारतीय बौद्धिक संपदा का पेटेंट कराना। TKDL ने पाश्चात्यों द्वारा कराया जा रहा विभिन्न औषधियों का पेटेंट रुकवाया। इससे स्वदेशी विज्ञान का जागरण हुआ। श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीयता ने अपने आपको स्थापित करना आरंभ कर दिया है। संपूर्ण विश्व को भारत ने योग दिया। चरक सुश्रुत आदि ने आयुर्वेद प्रदान किया। परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा को नीचा दिखाने के लिए पाश्चात्यों का षड्यंत्र बहुत पुराना है। चलचित्रों में भी कर्मकांड कराने वाले आचार्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। भोपाल परिसर के सह-निदेशक प्रो.नीलाभ तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दाताराम पाठक ने किया। कठपुतली निर्माण कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए अहमदाबाद से प्रशिक्षक रमेश रावल एवं आदित्य राजझाला आए हुए हैं।



ओबीसी आरक्षण को लेकर भोपाल में सुनवाई

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पांच जातियों के सर्वे के बाद सुना पक्ष,प्रतिनिधियों ने रखी अपनी बातें

भोपाल,ब्यूरो।

मध्यप्रदेश की पांच जातियों को ओबीसी आरक्षण नहीं मिलने के मामले पर राज्य सरकार द्वारा कराए गए सर्वे के बाद राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने आज सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुड़मी समाज के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि, मध्यप्रदेश में उन्हें आरक्षण का लाभ मिल रहा है, लेकिन केंद्र की सूची में शामिल न होने के कारण वे केंद्रीय स्तर पर इस लाभ से वंचित हैं।
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर और सदस्य भुवन भूषण कमल ने भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित आयोग के कार्यालय में यह सुनवाई की। इस दौरान पांच जातियों कलार (जायसवाल), कुड़मी, दमामी, फूलमाली (फूलमारी) और लोढ़ा (तंवर) को मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए बुलाया गया था। इन जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखा। केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में एमपी के लिए क्रमांक एक से 68 तक की जातियां शामिल हैं। एमपी सरकार की सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े जाति की सूची में 94 जाति, उपजाति, वर्ग समूह शामिल हैं। प्रदेश में जन अभियान परिषद के माध्यम से 32 जाति, उपजाति, वर्ग समूह के सामाजिक, शैक्षणिक पिछड़ेपन का सर्वे कराया गया। इसकी रिपोर्ट के आधार पर ही जनसुनवाई कराई जा रही है। इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, सदस्य सीताराम यादव, विभाग के एसीएस अजीत केसरी, अपर सचिव अनुराग चौधरी, आयुक्त सौरभ सुमन मौजूद रहे।



हरदा से आए कुड़मी प्रतिनिधियों ने रखा पक्ष

हरदा से आए सुरेश गौर ने बताया कि, कुड़मी जाति की जनसुनवाई के लिए आए हैं। कुड़मी जाति को प्रदेश में आरक्षण का लाभ मिल रहा है, लेकिन केंद्र ने पिछड़ा वर्ग में शामिल नहीं किया है। इसकी जरूरत इस लिए है, क्योंकि कुन्बी, कुनबी जाति के समान कुर्मी जाति भी है। यह भी काफी पिछड़ी जाति है। इस जाति के बच्चों को शिक्षा में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साल 2016 से इसके लिए प्रयास करते रहे हैं। विधानसभा में सवाल भी उठा है। पहले 76 नंबर पर कुड़मी जाति थी जो 39 नम्बर पर आ गई है। इस 39 नम्बर पर शामिल जातियों को ओबीसी जाति के आरक्षण का लाभ मिल रहा है लेकिन कुड़मी जाति को नहीं मिल रहा है। इसलिए कुड़मी जाति को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए जनसुनवाई में शामिल होने आए हैं।

भागने के प्रयास में दोनों के एक-एक पैर टूटे, अस्पताल में भर्ती

लूट और महिला की हत्या करने वाले दो बदमाश टोंक से गिरफ्तार



जयपुर, एजेंसी। जयपुर के पॉश इलाके में लूट और महिला की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी वारदात के करीब छह घंटे बाद टोंक से हुई। जयपुर लाने के दौरान दोनों ने भागने की भी कोशिश की। इस दौरान एक बदमाशों के पैर फ्रैक्चर हो गए। बता दें गुरुवार शाम करीब विद्याधर नगर पुलिस को महिला की हत्या की सूचना मिली थी। महिला की पहचान सरोज बंसल (55) के रुप में हुई थी। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि घर से ज्वेलरी और कैश भी गायब था। महिला के पति गोविंद बंसल ने पत्नी की हत्या की सूचना दी थी। एसएचओ ने बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 2 संदिग्ध मुंह पर कपड़ा बांधकर शाम करीब 5:30 बजे नजर आए थे। जो करीब आधे घंटे तक घर में रहे। पुलिस ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक बच्ची ने नकाबपोश बदमाशों को सरोज बंसल के घर से निकलते देखा था। बच्ची के अपने मम्मी-पापा को बताया तो उन्होंने सरोज के पति गोविंद बंसल को सूचना दी। बंसल रात करीब 7:30 बजे घर पहुंचे तो पत्नी बेहोशी की हालत में पड़ी थी। सरोज के बंधक हालत में मिलने पर पड़ोसियों की मदद से गोविंद ने अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला के शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं मिले है। सरोज के एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी। पति गोविंद बंसल छोटे भाई की स्टेशनरी की दुकान पर रहते हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि एक बदमाश ने वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी की थी। रेकी के बाद दो साथियों को लूट के लिए भेजा। घर के अंदर सरोज से झड़प हुई। महिला के शोर मचाया तो बदमाशों ने उसका मुंह-नाक दबा दिया। सांस नहीं ले पाने के चलते सरोज की मौत हो गई। दोनों बदमाश लूट का माल समेट कर फरार हो गए। थानाधिकारी ने बताया कि हत्या कर भागे बदमाशों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रेस किया गया। पुलिस टीम ने करीब 6 घंटे में दोनों बदमाशों को टोंक से दबोच लिया। टोंक से जयपुर लेकर आने के दौरान दोनों बदमाशों ने रास्ते में टॉयलेट जाने के लिए कहा। रास्ते में दोनों बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पीछा कर पकड़ने के दौरान दोनों बदमाश गड्ढे में गिर गए। इससे दोनों बदमाशों के पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इलाज के बाद जल्द ही दोनों बदमाशों को गिरफ्तायर कर पूछताछ करेगी।

राजौरी में हो रही मौतों का सिलसिला जारी, स्वास्थ्य विभाग नहीं मान रहा बीमारी

राजौरी। राजौरी एक के बाद एक हो रही मौतों का सिलसिला जारी है लेकिन अभी तक ये मौतें किस वजह से हो रही हैं और यह कौन-सी रहस्यमयी बीमारी है इसका अभी तक पता नहीं लगा है। गांव के लोग दहशत में हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से साफ कह दिया गया है कि यह ना तो कोई वायरस है और ना ही कोई बीमारी। स्वास्थ मंत्री के बयान के बाद लोग और डरे हुए सहमे हुए हैं। वहीं बीजेपी के पूर्व राज्य अध्यक्ष रविंद्र रैना मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। वहीं बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र रैना ने उन लोगों की जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बातचीत करवाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई की जाएगी और अगर कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर राजौरी में लगातार हो रही मौतों का सिलसिला जारी है और यह आंकड़ा बढ़ कर अब 16 हो गया है। स्थानीय निवासी असलम की मां भी बीमार हो गईं। 60 साल की जट्टी बेगम पत्नी मोहम्मद यूसुफ को सांस लेने में दिक्कत हुई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जीएमसी राजौरी रेफर कर दिया। उपचार कर रहे डॉक्टर ने बताया कि सैचुरेशन लेवल काफी कम होने से महिला को सांस लेने में दिक्कत है, इससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं देर रात उनकी भी मौत हो गई और उसकी मौत के साथ बदहाल में मौतों की संख्या 16 हो गई है।



ईरान ने कभी भी ट्रंप की हत्या का प्रयास नहीं किया और ना ही कभी करेंगे

ईरानी राष्ट्रपति ने आरोपों को बताया विदेशी साजिश

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने बीते साल अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश में तेहरान के शामिल होने से साफ इनकार किया है। ईरानी राष्ट्रपति ने ये टिप्पणी उस समय आई है, जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बीते साल नवम्बर में अमेरिकी न्याय विभाग ने ट्रंप की हत्या की साजिश रचने के सिलसिले में एक ईरानी व्यक्ति पर आरोप लगाया था। ईरानी व्यक्ति के खिलाफ आरोप जुलाई में एक रैली में ट्रंप के हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक अलग मामले में लगाया गया था। राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियन ने आरोपों के बाद अमेरिकी मीडिया को पहला इंटरव्यू था। इस दौरान ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने कभी भी ऐसा प्रयास नहीं किया है और ना ही कभी करेंगे। पेजेश्कियन ने इजराइल और दूसरे देशों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ ट्रंप की हत्या की कोशिश करने के आरोप ईरानफोबिया को बढ़ावा देने के लिए विदेशियों की साजिश का हिस्सा हैं। इस दौरान पेजेश्कियन ने अमेरिका के साथ संबंधों और ईरान के परमाणु मुद्दे पर पश्चिमी देशों के साथ तनाव पर भी बात की। उन्होंने ट्रंप की प्रतिबंधों की बढ़ाने और तेहरान पर दबाव डालने की धमकियों का जिक्र किया और आरोप लगाया कि अमेरिका ने ईरान को गिराने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे उम्मीद है कि ट्रंप क्षेत्र और दुनिया में शांति के लिए काम करेंगे, न कि खूनखराबे और युद्ध में योगदान देंगे।





सीआरएस देशवाल ने ब्रॉड-गेज लाइन के उद्घाटन के लिए हरी झंडी...

कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क.....इस दिशा में एक कदम ओर आगे बढ़ा रेलवे

श्रीनगर,एजेंसी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा माल और यात्रियों की सार्वजनिक ढुलाई के लिए नवनिर्मित 17 किलोमीटर लंबे कटड़ा-रियासी रेल ट्रैक को मंजूरी देने के बाद कश्मीर को कन्याकुमारी के साथ रेल संपर्क के माध्यम से जोड़ने का लंबे समय से संजोया गया सपना साकार होने वाला है। भारतीय रेलवे अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सीआरएस दिनेश चंद देशवाल ने 7 पन्नों के प्राधिकरण पत्र में कटड़ा और रियासी स्टेशनों के बीच ब्रॉड-गेज लाइन के उद्घाटन के लिए हरी झंडी दे दी है। उल्लेखनीय है कि सीआरएस ने जनवरी माह की शुरूआत में ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया था इसमें मोटर ट्रॉली निरीक्षण, पैदल जांच और कटड़ा से बनिहाल तक एक स्पीड ट्रायल शामिल था। ओ.एम.एस. उपकरण से सुसज्जित इलैक्ट्रिक लोकोमोटिव द्वारा खींची गई एक विशेष निरीक्षण ट्रेन का उपयोग करके दोनों दिशाओं में किए गए परीक्षण में 110 किलोमीटर प्रति घंटा की गति दर्ज की गई थी। सीआरएस देशवाल ने कहा कि सभी दस्तावेजों, सुरक्षा प्रमाणपत्रों और उनके निरीक्षण के दौरान सैंपल की जांच के आधार पर वे संतुष्ट हैं कि माल और यात्री यातायात के लिए खंड को खोलने के सभी प्रावधानों को पूरा किया गया है। इस महत्वपूर्ण रेल लिंक की मंजूरी भारत को देश के सबसे उत्तरी और सबसे दक्षिणी हिस्सों के बीच निर्बाध संपर्क के सपने को साकार करने के करीब लाएगी। कश्मीर तक जाने वाली रेलवे लाइन में 38 सुरंगें हैं, जिसमें टी-49 12.75 किलोमीटर लंबी देश की सबसे लंबी रेल सुरंग शामिल है। इस लाइन में 927 पुल हैं, जिसमें रियासी जिले में चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज भी शामिल है जो 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

खुलेआम एके-47 से फायरिंग करने वाले वकील के वायरल वीडियो का सच आया सामने




कराची। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वकील की ड्रेस पहने एक शख्स खुलेआम एके-47 से फायरिंग करता दिख रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो पाकिस्तान के लाहौर बार एसोसिएशन के चुनाव का है और फायरिंग करने वाला शख्स सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहा है, लेकिन सजग टीम की जांच में इस वीडियो जानी तो खुला राज। सोशल मीडिया एक्स पर जितेंद्र प्रसाद सिंह शख्स ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, कि यह जनाब लाहौर बार एसोसिएशन में सेक्रेटरी का चुनाव लड़ रहे हैं। इस वीडियो को 13 लोगों ने रीपोस्ट किया और सैकड़ों बार देखा गया है। जब सजग टीम ने वीडियो के स्क्रीनशॉट को सर्च किया तो पता चला कि यह वीडियो जनवरी 2023 का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना जनवरी 2023 की है, जब पंजाब प्रांत में लाहौर बार काउंसिल के चुनावों के बाद जीत का जश्न मनाने के लिए कुछ वकीलों ने हर्ष फायरिंग कर रहे थे।

चीन ने भारत के खिलाफ उगला जहर

श्रीलंका के राष्ट्रपति और शी जिनपिंग ने की मुलाकात, बीआरआई को लेकर हुई चर्चा

बीजिंग,एजेंसी।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन के चार दिवसीय राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है। बीते साल पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला चीनी दौरा है। दिसानायके के साथ मुलाकात में शी जिनपिंग ने फिर से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बढ़ाने की कोशिश की। जिनपिंग-दिसानायके की मुलाकात के बाद चीन ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। चीन की मीडिया रिपोर्ट में चीनी विशेषज्ञ के हवाले से बताया गया है कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति की यात्रा चीन और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय आदान-प्रदान और नीति समन्वय को बढ़ावा देगी। इसे भविष्य के सहयोग और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के लिए एक अहम बताया है। एक चीनी अखबार में छपे लेख में चीन की मदद से श्रीलंका के घरेलू बुनियादी ढांच का भी जिक्र किया गया है। इसके साथ ही श्रीलंका में बढ़ते चीनी प्रभाव को लेकर उठ रही चिंताओं को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। विशेषज्ञों का हवाला देते हुए लेख में लिखा गया है कि हिंद महासागर में चीन की उपस्थिति को लेकर भारत की सतर्कता मुख्य रूप से नई दिल्ली के संकीर्ण भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से पैदा हुई है। इसमें गया है कि भारत दक्षिण एशिया को अपने प्रभाव क्षेत्र के रूप में देखता है और चीन के साथ दोस्ताना और सहयोगी संबंध विकसित करने के अन्य देशों के अधिकारों का सम्मान नहीं करता है। वहीं यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के हवाले से कहा गया है कि अगर भारत अपनी संकीर्ण भू-राजनीतिक सोच से आगे नहीं बढ़ सकता है।





सिटी टुडे के लिए मालिक/मुद्रक/प्रकाशक सतीश पिंपळे द्वारा, पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विसेस प्रा.लि.करौंद भानपुर बाइपास रोड भोपाल से मुद्रित एवं एम-जी 15 फारच्यून इस्टेट फेस-2 अमरनाथ कालोनी कोलार रोड, भोपाल मप्र- 462042 से प्रकाशित। संपादक* विजय जोशी,आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2012/43114 डाक पंजीयन- मप्र/भोपाल 4-493/20-2022-24, फोन नं. 0755-4916686 फैक्स 0755: 4916686 E-Mail:-citytodaymedia@gmail,com, website:-citytoday.co.in * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। सभी विवादों की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।

राजगढ़: पुल की दो साल पहले की गई थी मरम्मत, एक्सपर्ट की टीम करेगी जांच

भोपाल में पार्वती नदी का 49 साल पुराना पुल धंसा बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग बंद...

भोपाल,ब्यूरो।





भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर पार्वती नदी पर बना 49 साल पुराना पुल धंस गया है। यह पुल बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर स्थित है और 1976 में बनाया गया था। पुल धंसने की घटना के बाद गुरुवार रात से इस पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। पुल धंसने की जानकारी मिलने पर बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा रात 9 बजे मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान दोनों ओर से बेरिकेडिंग की गई। वाहनों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया गया है। नरसिंहगढ़ पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने भी पुल का जायजा लिया। पुल के दोनों ओर पुलिस तैनात है। एमपीआरडीसी के एक्सपर्ट शुक्रवार को जांच करेंगे। एसडीएम शर्मा ने एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम, भोपाल के संभागीय प्रबंधक) को लेटर भी लिखा है। लेटर में लिखा कि "पार्वती पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल से आवाजाही के कारण जान-माल के नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक रूप से इस ब्रिज के पिलर के नीचे बड़ा गड्ढा हो गया है। इसलिए जरूरी है कि नरसिंहगढ़-बैरसिया आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए।

नरसिंहगढ़ से कुरावर होकर भोपाल जा सकेंगे

नरसिंहगढ़ के एसडीओपी भूपेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मंगलगढ़ और बरायठा के बीच में पार्वती नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। नरसिंहगढ़ से नजीराबाद जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल न करें। नरसिंहगढ़ से देवगढ़, कुरावर होते हुए भोपाल की तरफ की यात्रा करें। इसी प्रकार नजीराबाद से नरसिंहगढ़ आने वालों को भी उस तरफ से रोका गया है।

दो साल पहले की गई थी मरम्मत

पार्वती नदी पर बना ये पुल राजगढ़ और भोपाल जिले की सीमा पर है। यह नरसिंहगढ़ को नजीराबाद, बैरसिया, विदिशा और भोपाल से जोड़ता है। इसकी दो साल पहले ही मरम्मत की थी। पुल के एक तरफ बैरसिया और दूसरी तरफ नरसिंहगढ़ तहसील है।

सभी वाहनों की आवाजाही होगी बंद

शुक्रवार को एमपीआरडीसी की टीम मौके पर पहुंचेंगी और जांच करेगी कि ब्रिज को कितना नुकसान हुआ है। साथ ही ऑप्शनल रास्तों की भी व्यवस्था की जाएगी।

दुकान खोलकर सिगरेट नहीं देने पर आरोपियों ने पीट दिया था

चाकूबाजी और डंडों से मारपीट के पांच आरोपी गिरफ्तार...

सागर,ब्यूरो। सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र के राजीवनगर वार्ड में सिगरेट नहीं देने के विवाद में चाकूबाजी और डंडों से मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग चाकू, डंडे बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 14 जनवरी की रात करीब 11 बजे हरिराम अहिरवार निवासी राजीव नगर वार्ड ने अपनी दुकान बंद की थी। दुकान बंद होने के बाद अजय पटेल अपने साथी शानू उर्फ आदर्श सोनी, यश उर्फ आदर्श सोनी, चैतन्य राजपूत, कृष्णा सोनी के साथ पहुंचा। उसने सिगरेट मांगी। लेकिन हरिराम ने अपनी बंद दुकान खोलकर सिगरेट नहीं दी। इसी बात पर आरोपी अजय पटेल ने साथी शानू उर्फ आदर्श सोनी, यश उर्फ आदर्श सोनी, चैतन्य राजपूत, कृष्णा सोनी के साथ मिलकर हरिराम और उसके परिवार वालों से गालीगलौज शुरू कर दी। गालियां देने से रोका तो आरोपियों ने चाकू और डंडों से मारपीट की। विवाद होते देख परिवार के लोग बीचबचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में हरिराम अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार, बबली अहिरवार, कमला अहिरवार, ज्योति अहिरवार, विनीता अहिरवार घायल हो गईं। मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। वारदात के बाद से आरोपी फरार थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गईं।



पुलिस बनकर धमकाया, किसान ने खाया जहर

धार में लड़की करती थी वीडियो कॉल, ठगों ने कहा- तुम्हारी हरकतें रिकॉर्ड, गिरफ्तारी होगी



कैलाश सिंह, पीड़ित

धार,ब्यूरो। धार में एक किसान ने साइबर ठगों की धमकी से परेशान होकर सुसाइड की कोशिश की। किसान से कोई लड़की वीडियो कॉल पर एक महीने से संपर्क में थी। पुलिस की वर्दी पहने ठगों ने उससे कहा कि तुम्हारी सारी गतिविधि मोबाइल में रिकॉर्ड हो गई। तुम्हारे खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी। बचना हो तो पैसे भेजो। घटना कुक्षी में बुधवार शाम की है। ठगों ने कापसी गांव के किसान कैलाश सिंह को डिजिटल अरेस्ट की धमकी थी। घबराया किसान खेत की ओर भागा। वहां जाकर कीटनाशक पी लिया। पहले उसे कुक्षी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार रात तबीयत बिगड़ने पर बड़वानी रेफर कर दिया गया। किसान कैलाश को बुधवार शाम को 8853035566 नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति पुलिस की वर्दी में थे। उन्होंने कैलाश को धमकाते हुए कहा कि पुलिस जल्द ही तुम्हें गिरफ्तार करेगी। गिरफ्तारी से बचना है तो पैसे ट्रांसफर कर दो। किसान के भाई जाम सिंह ने बताया कि भाई को 'सॉरी-सॉरी' कहते हुए भागते देख शक हुआ। जब खेत पहुंचा तो भाई (कैलाश) बेहोश पड़े थे और पास में कीटनाशक का डिब्बा था। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर बड़वानी रेफर कर दिया गया। फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी भोपाल-रायसेन क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

भाई ने कहा- फर्जी अफसरों ने डराया-धमकाया

पीड़ित किसान के भाई जाम सिंह ने बताया कि कोई लड़की वीडियो कॉल पर भैया से एक महीने से संपर्क में थी। लड़की को मोहरा बनाकर साइबर अपराधियों ने फर्जी पुलिस बनकर भाई को धमकाया। डराया कि पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। ऐसा कह कर पैसों की मांग की। इससे डरकर भाई ने जान देने की कोशिश की।

टीआई बोले- जांच में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी कुक्षी राजेश यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। लोगों को साइबर अपराधियों के चंगुल से बचाने के लिए पुलिस आमजनों को सजग और सतर्क रहने की बात लगातार कर रही है। साइबर अपराधियों से डरे नहीं कोई भी ऐसी घटना पर तत्काल पुलिस को सूचित करे। पुलिस साइबर फ्रॉड के खिलाफ विभाग जांच में जुटा है।

जबलपुर में 5 साल की बच्ची को 5 रुपए दिए, फिर घर ले जाकर किया गलत काम

जबलपुर,ब्यूरो। जबलपुर में 5 साल की मासूम बच्ची से रेप की वारदात हुई है। आरोपी, पीड़ित बच्ची के घर के पास में ही रहता है। खास बात ये है कि बच्ची उसे प्यार से नानू कहती थी, उसने ही बच्ची के साथ गलत काम किया। रेप की ये घटना जबलपुर के हनुमान ताल थाना क्षेत्र में 15 जनवरी बुधवार की है। पीड़ित के परिजन ने गुरुवार को पुलिस को इसकी शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 15 जनवरी की शाम को बच्ची अपने घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी। तभी मोहल्ले में रहने वाला आरोपी मोहम्मद इस्लाम उसे चिप्स लाने के नाम पर 5 रुपए दिए। फिर उसे गोद में उठाकर अपने घर ले गया। वहां कमरे में बच्ची का मुंह बंद कर रेप किया। इसके बाद उसे घर के सामने छोड़कर भाग गया। बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची। उसने मां को बताया कि पास में रहने वाले नानू (इस्लाम) ने उसके कपड़े उतार दिए थे। बच्ची की मां तुरंत आरोपी के घर पहुंची, लेकिन वहां ताला लगा हुआ था। अगले दिन 16 जनवरी को बच्ची के पिता घर आए तब हनुमान ताल थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई है।


रीवा में नशीली सिरप की बिक्री का वीडियो

रीवा। रीवा के कबाड़ी मोहल्ले में नशीली सिरप कोरेक्स की बिक्री का वीडियो वायरल हो रहा है। अधिवक्ता बीके माला ने जिलेभर में इस तरह से नशीले पदार्थों की बिक्री का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार यह वीडियो गुरुवार का है, जो शुक्रवार को सामने आया है। उसकी जांच की जा रही है। अधिवक्ता बीके माला ने आरोप लगाया कि जिले के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अवैध शराब, गांजा और नशीली गोलियां के साथ कफ सिरप का धंधा फल फूल रहा है। इस अवैध कारोबार से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस इन नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई भी कर रही है। लेकिन, इससे उन्हें कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। नशे की शौकीन लोग सार्वजनिक स्थानों पर जमकर नशा कर रहे हैं।

ड्रग डिलीवरी के लिए राजस्थान से इंदौर आया तस्कर

पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा 64 ग्राम एमडी ड्रग बरामद


इंदौर,ब्यूरो। इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ाए आरोपियों में से एक राजस्थान के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। जबकि दूसरा इंदौर के सदर बाजार इलाके का रहने वाला है। प्रतापगढ़ का आरोपी इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया था, लेकिन क्राइम ब्रांच टीम ने उसे पहचान कर पकड़ लिया। फिलहाल, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके पास से लगभग 64 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई है। क्राइम ब्रांच टीम ने विशाल पुत्र दशरथ राव, निवासी प्रतापगढ़, राजस्थान और राजिक उर्फ सद्दाम पुत्र मोहम्मद सईद, निवासी जूना रिसाला, इंदौर को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि विशाल राव इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया है। इसके बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग बरामद हुई। पूछताछ में विशाल ने बताया कि, वह यह ड्रग राजिक को डिलीवरी करने वाला था। पुलिस ने आरोपियों के पास से राजस्थान और इंदौर पासिंग की दो बाइक भी जब्त की है। खजराना पुलिस ने 164 ग्राम से ज्यादा चरस बरामद की है। पुलिस के अनुसार, सोहेल पुत्र समीर खान, निवासी बाबा की बाग को गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर आदिल उर्फ मामा पुत्र मोहम्मद आरिफ निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन और शरीफ शेख उर्फ बच्चा पुत्र शकूर शैख निवासी देवास को पकड़ा है। आरोपी सोहेल आईपीपीएस स्कूल के पास सर्विस रोड पर सिगरेट पी रहा था। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर कपड़ों के अंदर से चरस बरामद हुई। उसने बताया कि वह आदिल ओर उसके साथी को चरस देने आया था।



व्यापार मेला: ऑटोमोबाइल सेक्टर में लौटी रौनक

ग्वालियर : रोड टैक्स छूट की घोषणा के दूसरे दिन 573 कार,141 टूव्हीलर वाहन बिके

ग्वालियर,ब्यूरो।



ग्वालियर में 14 जनवरी संक्रांति के मौके पर ग्वालियर व्यापार मेला में वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट का नोटिफिकेशन आने के दूसरे दिन गुरुवार को रात 11 बजे तक 573 कार और 141 दोपहिया वाहन बिके हैं। जिसमें सबसे महंगी कार एक्सयूवी टॉप मॉडल 21 लाख रुपए में बेची गई है। जिस पर खरीदने वाले को रोड टैक्स पर लगभग 1.70 लाख रुपए की बचत हुई है। पहले दिन दो घंटे में 53 कार और 7 दोपहिया वाहन बिके थे। दूसरे दिन ऑटोमोबाइल सेक्टर में रौनक नजर आई है। ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसंबर से शुरू हो गया है। मेला में वाहन खरीद पर रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट का फरमान देर से आया है। 14 जनवरी को केबिनेट बैठक में मोहर लगते ही नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसके बाद से पहले से तैयार ऑटोमोबाइल कारोबारी और परिवहन विभाग ने बिना देर किए एक दिन बाद ही 50 फीसदी रोड टैक्स छूट के साथ वाहन की खरीद शुरू कर दी है। नोटिफिकेशन देर से ही सही पर जारी होने के बाद ऑटोमोबाइल सेक्टर में बूम आ गया है। यह उनकी पहली पहली कार खरीदी है। साथ ही देर शाम आरटीओ कार्यालय में सत्यापन हो गया। वहीं मेले में लगभग 9 लाख रुपए कीमत की कार लेने वाले अजय का कहना था कि रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट मिलने के कारण उसे 36 हजार रुपए का फायदा हुआ है। मेले से पहले ही दिन नई कार की डिलीवरी लेने वाले गोलपहाड़िया, अयोध्या नगरी निवासी आकाश राठौर भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि नवंबर में कार की बुकिंग कराई थी। कार का पूरा पेमेंट पहले ही कर चुके हैं, केवल आरटीओ छूट के लिए रुके हुए थे। ऐसे में आज कार लेने पहुंच गए। उत्साह ऐसा था कि उन्होंने पिता, चाचा व दादा को भी ग्राम सिमरिया, घाटीगांव से बुला लिया था। मेला में रोड अक्स में 50 फीसदी छूट पाकर पूरा परिवार खुश है।



नयी दिशा की ओर ग्रामीण विकास

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
सत्यमेव जयते



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

स्वामित्व योजना
अंतर्गत

15.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण एवं लाभार्थियों के साथ संवाद

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

एवं

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
द्वारा

विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

18 जनवरी, 2025 | दोपहर 12:30 बजे | सिवनी, मध्यप्रदेश

- स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 25 सितम्बर 2018 के पूर्व से रहने वाले व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
- योजना से ग्रामीण आबादी को बैंक ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति का विक्रय करने में मिल रही सहायता से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।



- सभी जिलों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य एवं 12 जिले- भोपाल, हरदा, डिंडौरी, सीहोर, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर एवं श्योपुर में भू-अधिकार पत्र वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश में अब तक 39.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

D-11161-24

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025